प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

प्रशासनिक भवन को 38 रन से हराकर कम्पट्रोलर इलेवन ने जीती स्टाफ क्रिकेट प्रतियोगिता

पंतनगर। 3 फरवरी 2024। विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में खेली जा रही स्टाफ क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कम्पट्रोलर इलेवन ने प्रशासनिक भवन को 38 रन से हराकर प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जीत लिया। प्रतियोतिगता के दौरान बेहतर खेल के आधार पर कम्पट्रोलर इलेवन के ऑलराउंडर नीतीश रावत को मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विजेता व उपविजेता को अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस जीना, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. ओम प्रकाश, सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी, सुरक्षाधिकारी डा. जी.एस. बोहरा व सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. श्वेता राय ने सम्मानित किया।

विश्वविद्यालय स्टीवेंसन स्टेडियम में स्टाफ क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में प्रशासनिक भवन के कप्तान अजीत यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कम्पट्रोलर इलेवन के ओपनर नीतीश रावत के 64 बॉल पर 77 रन व पवन सोलंकी ने 44 बॉल पर 67 रन के आधार पर पहले विकेट के लिए 157 रन जोड़े। निर्धारित 20 ओवरों में कुल 187 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। प्रशासनिक भवन ने 188 रन पीछा करते हुए सतेन्द्र कुमार के 57 रन, ललित जोशी के 25 रन तथा सोमनाथ भारती के 20 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज रन नहीं बना सका और पूरी टीम 19.4 ओवरों में 149 रन पर ऑलआउट हो गई। कम्पट्रोलर इलेवन की ओर से नीतीश ने 4 ओवरों में 25 रन देकर 3 विकेट लिए। पूरी प्रतियोगिता के दौरान नीतीश रावत के षानदार खेल के लिए उन्हें मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन व मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने पर अपनी शुभकामनाएं दीं। निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल ने आयोजकों को इस आयोजन के लिए बधाई दी और दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व प्रतियोगिता संयोजक शशांक शर्मा ने पूरी प्रतियोगिता का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सुरक्षाधिकारी व सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा, सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. श्वेता राय मौजूद रहीं। इस अवसर पर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सचिव योगेश पंत, मुख्य संयोजक प्रभाकर जोशी, संयुक्त सचिव ज्योति आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेश पंत ने किया।

विजित टीम के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार